**Fourteenth Loksabha**

**Session : 9**
**Date : 24-11-2006**

**Participants : Munshiram Shri**

an>

Title: Need for an inquiry into the alleged use of unfair means in the recently held elections of Local Bodies in Uttar Pradesh.

**श्री मुंशी राम (बिजनौर):** सभापति महोदया, पिछले महीने उत्तर प्रदेश में स्थानीय निकाय चुनाव कराये गये। मेरे लोक सभा क्षेत्र बिजनौर के अंतर्गत नगीना, नजीबाबाद, किरतपुर नगर पालिका परिद् में 28 अक्तूबर, 2006 को मतदान हुआ। इसकी मतगणना 6 नवम्बर को सम्पन्न हुई। मेरे द्वारा 25 अक्तूबर को जिला निर्वाचन अधिकारी से मांग की गई कि निपक्ष चुनाव कराने हेतु सहायक निर्वाचन अधिकारी नगीना व नजीबाबाद में बदले जायें। लेकिन जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा ऐसा नहीं किया गया। 6 नवम्बर को मतगणना के समय मेरे द्वारा उत्तर प्रदेश निर्वाचन आयुक्त से मांग की गई कि मतगणना में सभी प्रत्याशियों की शिकायतों का निवारण करने के बाद ही विजयी प्रत्याशियों को घोाित किया जाये एवं 6 नवम्बर को ही मेरे द्वारा उत्तर प्रदेश नि र्वाचन आयुक्त से मांग की गई कि बैलेट बाक्स में टैम्परिंग एवं उनकी सील टूटे पाये जाने की शिकायत मुझे मिली है। मेरी सभी शिकायतों को अनदेखा करके कोई कार्यवाही किये बिना उपरोक्त नगर पालिका परिद् के परिणाम घोाित कर दिये गये।

जैसा कि उ. प्र. के महामहिम राज्यपाल महोदय द्वारा महामहिम राट्रपति जी को भी अवगत कराया है कि उत्तर प्र ादेश के निकाय चुनाव में लखनऊ, इलाहाबाद, बिजनौर के लिये फर्जी मत लखनऊ सरकारी प्रैस में छपवाये गये हैं जो कि सत्य प्र ातीत होता है। भारत देश जहां लोकतंत्र में अपना पहला स्थान रखता है, उस लोकतंत्र भारत की जनता का ही विश्वास न हटे एवं इस देश की ब्यूरोक्रेसी अपनी हठधर्मिता का परिचय देने में कामयाब न हों। निपक्ष चुनाव का संदेश जनता को देने हेतु यह आ वश्यक है कि मेरी उपरोक्त नगरपालिका परिद् के चुनाव में जिन मतों की गिनती की गई है, उनका मतदाता की काऊंटरफाईल मिलान कराने की एवं उपरोक्त चुनाव प्रक्रिया की जांच सी.बी.आई. से कराये जाने की इस सदन के माध्यम से मैं भारत सरकार से मांग करता हूं।

**सभापति महोदया** : आप भााण न दें, केवल एक लाईन में अपनी बात कहें।

**श्री मुंशीराम** सभापति जी, मेरी बात पूरी होने दीजिये।

**सभापति महोदया** :इस मामले में केन्द्र सरकार बीच में नहीं आती है, राज्य सरकार का काम है।

**श्री मुंशी राम :** सभापति जी, चुनाव चाहे ग्राम पंचायत का हो, लोक सभा का हो, वह निपक्ष होना चाहिये। उसमें अधिकारियों द्वारा की गई मनमानी की जांच कराई जानी चाहिये। इसलिये उपरोक्त चुनाव की प्रक्रिया की जांच सी.बी.आई. द्वारा कराये जाने की मांग कर रहा हूं जिससे दोाी अधिकारियों के विरुद्ध

सख्त से सख्त कार्यवाही की जा सके और भविय में वह अधिकारी इस प्रकार की पुनरावृत्ति करने के लिये साहस न जुटा सके। [s68] 28 अक्तूबर को नगरपालिका परिद् के चुनाव हुए, 3 नवम्बर को नगर पंचायत के चुनाव हुए। जो स्ट्रांग रूम बनाए गए थे जिसमें नगरपालिका परिद् के बैलट बाक्स रखे गए थे, उनको खोला गया और खुल्लम खुल्ला उसमें गड़बड़ हुई जिसकी जांच सीबीआई से होनी चाहिए, यह मेरी इस सदन के माध्यम से मांग है।